# TickMark.Ai
Mumbai

**Class:** EM - CLASS 5 | **Subject:** Hindi | **Time:**1 hrs
**Date:** 02-08-2025 | **Paper:** Unit 1 | **Marks:**20

**Q1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

राजा मंगलसेन के मंत्री जगतराम बूढ़े हो चुके थे । उन्होंने राजा से स्वयं को सेवामुक्त करने की विनती की । राजा मंगलसेन ने कहा, " आप पहले अपने जैसे सेवाभावी, परोपकारी और ईमानदार मंत्री का चुनाव कर लीजिए, तभी आपको सेवामुक्त किया जा सकता है ।" जगतराम ने आदेश दिया, "राज्य में ढिंढोरा पिटवा दो कि राज्य के नए मंत्री का चयन अगले गुरुवार को किया जाएगा । इस पद के इच्छुक ग्यारह बजे राजदरबार में पहुँचें ।" हरकारे गाँव-गाँव ढिंढोरा पीटने लगे ।

चयनवाले दिन राजदरबार की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह से ही नवयुवकों की भीड़ लग गई थी । सैकड़ों की संख्या में युवक दरबार की ओर जा रहे थे । इसी रास्ते पर एक तरफ एक वृद्ध हताश - सा बैठा था । उसकी बैलगाड़ी का एक पहिया रास्ते के किनारे कीचड़ में फँस गया था । वृद्ध ने कई बार पहिया कीचड़ से निकालने की कोशिश की पर असफल रहा। मंत्री पद के अनेक उम्मीदवारों ने राजदरबार जाते समय यह दृश्य देखा पर किसी ने भी वृद्ध की सहायता नहीं की ।

(1) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (2)
   (1) राजा मंगलसेन के मंत्री ............................ बूढ़े हो चुके थे।
   (2) मंत्री पद के अनेक ............................ ने राजदरबार जाते समय यह दृश्य देखा।

(2) निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही अथवा गलत लिखिए : (2)
   (1) जगतराम ने मंत्री पद के इच्छुक लोगों को राजदरबार में जाने के लिए एक महीने का समय दिया।
   (2) चयनवाले दिन राजदरबार की ओर जाने वाले मार्ग पर कोई भीड़ नहीं थी।

(3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : (2)
   (1) वृद्ध ने पहिये को कीचड़ से निकालने के लिए कितनी बार प्रयास किया?
   (2) राजा मंगलसेन ने मंत्री पद के लिए क्या गुण मांगे?

TickMark.Ai

**Q2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(5)**

रिमझिम-रिमझिम गातीं बूँदें,
धरती पर हैं आतीं बूँदें ।

खेतों, बागों, मैदानों में,
हरियाली फैलातीं बूँदें ।

धरती से नालों, नदियों में,
सागर में मिल जातीं बूँदें ।

गरमी से तपते लोगों को,
शीतलता पहुँचातीं बूँदें ।

मेंढक, मोर, पपीहे, कोयल,
सबका मन हरषातीं बूँदें ।

पुरवाई के रथ पर चढ़कर,
इठलातीं, मुसकातीं बूँदें ।

(1) उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (2)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (1) तपते लोगों को | (अ) रथ पर चढ़कर |
| (2) पुरवाई के | (आ) मुसकाती बूंदें |
| (3) सबका मन | (इ) शीतलता पहुँचाती |
| (4) इठलाती | (ई) हरषाती बूंदें |

(2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : (2)

(1) बरसात की बूँदें कहाँ से आकर कहाँ गिरती हैं?
(2) बरसात की बूँदें गिरने के बाद कहाँ बहती हैं?

(3) निम्नलिखित शब्दों के विरोद्धार्थी शब्द लिखिए : (1)

(1) खुशी x (2) आती x

**Q3) सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(5)**

(1) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए (1)

लगोरी

(2) निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम के भेद पहचान कर लिखिए (1)

वह किताब पढ़ रही है।

(3) निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा पहचान कर लिखिए (1)

लड़कियाँ खेल रही हैं।

(4) नीचे लिखे संख्याओ को अक्षरों में लिखिए (1)

(1) ७ - (2) १० -

(5) निम्नलिखित सूचना के अनुसार कृति पूर्ण कीजिए (1)

निम्नलिखित शब्दों में से 'इ' ("ि") स्वरवाले अक्षरों को अलग करके लिखो।

चिड़िया, टिकिया, साइकिल, छिपकली।

**Q4) निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए (कोई भी एक) :** **(4)**

(1) मेरे पिता

(2) मेरा प्रिय खेल

All the Best

TickMark.Ai